## एक नजर में

### बाल संरक्षण पर विशेषज्ञों ने दिया मार्गदर्शन




**शाजापुर, 22 फरवरी.** ग्राम आला उमरोद में आयोजित पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवक न केवल सेवा कार्य कर रहे हैं, बल्कि महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर बौद्धिक मार्गदर्शन भी प्राप्त कर रहे हैं. शिविर के पांचवें दिन बाल संरक्षण और अधिकार विषय पर विशेष बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया. विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सविता चौहान सदस्य बाल कल्याण समिति ने बाल श्रम, बाल विवाह और गुड टच-बैड टच जैसे संवेदनशील विषयों पर विस्तार से जानकारी दी. परियोजना कार्य के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत परिसर में सघन श्रमदान किया. इस दौरान परिसर की सफाई की गई और गांव में जगह-जगह बिखरे सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित कर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया. स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए डस्टबिन के उपयोग की सलाह दी. संचालन सोहेल शाह एवं अंजलि राठौर ने किया.

### शांति और सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार



**मक्सी, 22 फरवरी.** आगामी होली, रंगपंचमी और ईद पर्व को लेकर मक्सी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाने पर सर्वसम्मति बनी. बैठक में तय किया गया कि नगर में हुड़दंग, तेज गति से वाहन चलाने, नशे की हालत में ड्राइविंग और नियमों के उल्लंघन पर पुलिस सख्ती से नजर रखेगी और ऐसे मामलों में तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी. बैठक में पर्वों की तिथियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि होलिका दहन 3 मार्च, होली 4 मार्च, रंगपंचमी 8 मार्च और ईद 19 या 20 मार्च को मनाई जाएगी. होली के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वालों से सख्ती से निपटने का निर्णय लिया गया. साथ ही रंग से परहेज करने वाले नागरिकों को अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह भी दी गई. रंगपंचमी के अवसर पर मक्सी नगर में परंपरागत गैर का जुलूस निकाला जाएगा. बैठक में यह भी बताया गया कि मक्सी में होली के दिन उन परिवारों में भी रंग डालने की परंपरा निभाई जाती है, जहां हाल ही में किसी का निधन हुआ हो. नगर में होली का मुख्य उत्साह रंगपंचमी पर ही देखने को मिलता है. इस दौरान मक्सी थाना प्रभारी संजय वर्मा ने कहा कि होलिका दहन की रात डीजे बजाए जाते हैं, लेकिन इस समय बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं, इसलिए डीजे की आवाज सीमित रखी जाए. उन्होंने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए स्पष्ट किया कि बच्चे पकड़ने वाली गैंग जैसी कोई घटना नहीं है और ऐसी खबरें केवल अफवाह हैं. सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि के किसी भी संदेश को साझा न करने की सलाह दी गईए ताकि भय का माहौल न बने. बैठक में मक्सी थाना प्रभारी संजय वर्मा, तहसीलदार जितेंद्र चौरसिया, नगर परिषद सीएमओ अशफाक खान, भाजपा मंडल महामंत्री सुनील नानू पंड्या, पार्षद दिलीप लोधी, भाजपा युवा मोर्चा जिला आईटी सेल प्रभारी पवन केरवाल, नरेंद्र भावसार, जुगल किशोर भावसार सहित पत्रकारगण उपस्थित रहे.

### 80 मरीजों की आंखों की जांच हुई

**शुजालपुर, 22 फरवरी.** सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर मंडी द्वारा स्व.मोहनलाल पटेल की स्मृति में सरपंच प्रतिनिधि कमल चंद्रवंशी के सहयोग से पंचायत भवन अरनियाकलां में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर संपन्न हुआ, जिसमें 80 मरीजों की आंखों की जांच डॉक्टर जसवंत यादव, नेहा सोनी ने कर 14 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया, जिनको 27 फरवरी को शुजालपुर मंडी से बस द्वारा संत हिरदाराम नगर ले जाएंगे. जहां उनके भोजन, आवास, दवाई, चश्मा आदि की व्यवस्था निशुल्क की जाएगी. जिला सेवा सदन प्रभारी खुशीराम आचार्य, गंगाधर शर्मा, आर्यन चंद्रवंशी, रवि चावड़ा आदि का सहयोग रहा.

### समाजसेवी शरदचंद देशमुख का निधन

**शुजालपुर,22 फरवरी.** नगर एवं क्षेत्र के संगीत व कला जगत के जाने माने बहुमुखी प्रतिभा के धनी एवं सेवाभावी व्यक्तित्व शरदचंद देशमुख शरद दादा का रविवार को देहांत हो गया. उनके निधन से नगर में शोक की लहर व्याप्त है. शरदचंद देशमुख प्रदेश के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. अभिजीत देशमुख एवं हर्षवर्धन देशमुख के पूज्य पिताश्री थे. वे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए जाने जाते थे. सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व एवं सेवा भावना के कारण वे सभी के प्रिय एवं सम्माननीय थे. शरद दादा की अंतिम यात्रा चौबे मार्ग स्थित निवास से निकाली गई, जिसमें बडी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए.

### चप्पे-चप्पे पर नजर फिर भी हो रही चोरियां

**शुजालपुर,22 फरवरी.** सम्पूर्ण शहर में व्यवस्था और सूरक्षा के नाम पर लाखों रुपए व्यय कर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और अधिकांश प्रतिष्ठानों पर भी निजी कैमरे लगे हुए है जिससे हर पल पर नजर रखी जा सकती है, लेकिन इन सबके बावजूद शहर में अव्यवस्था और अपराधों पर अंकुश नहीं है. नगर में पिछले कुछ महिनों से बाइक की चोरियां बंद हो गई थी जो कि एक बार फिर शुरू हो गई. बाइक चोरी करने वाले बदमाश कैमरों में कैद हो रहे है और फुटेज भी पुलिस के पास पहुंच रहे है लेकिन बदमाश पुलिस की पहुंच से बाहर है. सिटी क्षेत्र में शनिवार की रात को बाइक चोरी का एक और मामला सामने आया, पचोर रोड स्थित होटल सोभाग्य पैलेस के सामने खडी की गई बाइक बदमाश चुरा कर ले गए. बाइक चोरी की यह वारदात होटल के बाहर लगे कैमरों में कैद हुई, जिसमें दिखाई दे रहा है कि दो युवक पैदल आए और उसमे से एक व्यक्ति मोबाईल पर बात करने का नाटक करते हुए बाइक के पास पहुंचा और अपने पास रखी चाबी से इस बाइक को स्टार्ट कर कुछ ही देर में लेकर फरार हो गया. बता दें एक दिवस पूर्व मंडी क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ले में शिक्षक राजा तंवर के घर के सामने बाइक चोरी हुई थी, जिसका वीडियों भी पुलिस तक पहुंचा, इसके अलावा राणोगंज में हनुमान मंदिर के समीप पार्किंग से भी बदलपुर निवासी ग्रामीण की बाइक चोरी हुई थी. शहर में लगातार बढ़ती बाइक चोरी की वारदातों से नागरिकों में दहशत है और पुलिस के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है.

### वृद्धा को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**शाजापुर, 22 फरवरी.** मोहन बड़ोदिया में रविवार सुबह सड़क हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं. उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद शाजापुर जिला अस्पताल रैफर किया गया है. घटना सुबह करीब 11 बजे विद्युत मंडल कार्यालय के पास हुई. मुन्नीबाई पति नाथूलाल सड़क पर पैदल चल रही थीं. तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि मुन्नीबाई सड़क पर गिर गईं और उनके सिर में गंभीर चोट आई. हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी. घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहन बड़ोदिया पहुंचाया गया. सिर में गंभीर चोट के कारण उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए महिला को जिला अस्पताल रैफर किया.

# योग्यता के आधार पर हो चयन, प्रतिभा से न हो खिलवाड़

## काले कानून के विरोध में सड़क पर उतरे हजारों करणी सैनिक व नगरवासी

**शाजापुर, 22 फरवरी. श्री राजपूत करणी सेना और सवर्ण समाज ने यूजीसी एक्ट के नए कानून के विरोध तथा ईडब्ल्यूएस वर्ग की मांगों को लेकर शाजापुर में प्रदर्शन किया. इस दौरान शहर में एक विशाल पैदल रैली निकाली गई और बाद में सभा कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया. करणी सेना ने मांग की कि किसी भी प्रतिभा के साथ खिलवाड़ न हो और योग्यता के आधार पर प्रतिभा के साथ न्याय किया जाए.**

रविवार को श्री राजपूत करणी सेना की रैली मां राजराजराजेश्वरी मंदिर से शुरू हुई, जो बस स्टैंड परिसर, नई सड़क, आजाद चौक और शहरी हाईवे से होते हुए पुरानी कृषि उपज मंडी टंकी चौराहे पर पहुंची. जहां सभा आयोजित की गई. सभा में वक्ताओं ने कहा कि श्री



राजपूत करणी सेना यूजीसी के काले कानून का विरोध करती है. हमारा मानना है कि शिक्षा और नौकरी में चयन का आधार केवल योग्यता होनी चाहिए. किसी भी वर्ग को सिर्फ इसलिए पीछे नहीं छोड़ना चाहिए कि वह सवर्ण परिवार में जन्मा है. हम समानता के समर्थक हैं और आरक्षण का आधार भी जाति नहीं, बल्कि आर्थिक स्थिति होनी चाहिए. ताकि सभी में समानता हो. गरीब चाहे किसी भी वर्ग का हो, उसे सहायता मिलनी चाहिए. करणी सेना युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित है. इसलिए हमारी मांगों को पूरा किया जाकर देश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित किया जाए, ताकि सुरक्षित और मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सके. इस अवसर पर श्री करणी सेना प्रदेशाध्यक्ष अनुराग प्रतापसिंह राघव, जिलाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह जादौन, शैलेंद्रसिंह पंवार, प्रेम सिंह, राजकुमार सिंह, नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में श्री राजपूत करणी सेना पदाधिकारी, कार्यकर्ता व नगरवासी उपस्थित थे.

### ज्ञापन में ये रखी प्रमुख मांगें

नायब तहसीलदार नाहिदा अंजूम को सौंपे गए ज्ञापन में करणी सेना ने मांग की कि अन्य आरक्षित वर्गों की तरह ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए भी भूमि एवं आय संबंधित प्रावधानों को लागू किया जाए. अन्य आरक्षित वर्गों की तरह ईडब्ल्यूएस को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण सीमा बढ़ाकर 10 से 20 प्रतिशत किया जाए और विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति एवं शिक्षा सहायता योजना का लाभ दिया जाए तथा राज्य शासन योजनाएं जैसे मेधावी विद्यार्थी योजना, आकांक्षा योजना आदि में समान रूप से शामिल किया जाए.

### आंदोलन की दी चेतावनी...

अन्य आरक्षित वर्गों की तरह इस वर्ग के कल्याण हेतु राज्य स्तरीय ईडब्ल्यूएस कल्याण बोर्ड का गठन किए जाने सहित अन्य मांगों के निराकरण की मांग की गई. करणी सेना ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का जल्द निराकरण नहीं किया जाता है, तो करणी सेना वृहद आंदोलन को मजबूर होगी, जिसकी जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी.

# दो सप्ताह बाद भी पुलिस के हाथ नहीं लगा सुराग

## ग्रामीणों की सक्रियता से टली थी वारदात, मौके से मिला था चोरी गया तेल व शाजापुर निवासी की कार

**शाजापुर, 22 फरवरी. सलसलाई थानांतर्गत ग्राम खरसौदा स्थित ट्रांसफार्मर से चोरी का प्रयास करने वाले बदमाश तेल और कार छोड़ भागे थे. ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी, जिसमें कार शाजापुर निवासी की निकली थी, जिसके खिलाफ पहले से ही डीजल व ऑइल चोरी के मामले पहले से दर्ज हैं, लेकिन अब तक न तो पुलिस उस तक पहुंच पाई है और न ही वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े हैं.**



घटना 7 फरवरी की रात की है. जब ग्राम खरसौदा में ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी का प्रयास किया गया था. बदमाशों को ग्रामीणों ने देख लिया, जिसके बाद वे अपनी कार छोड़कर फरार हो गए थे. खरसौदा निवासी तेजसिंह 50 वर्ष पिता देवीसिंह मेवाड़ा की शिकायत पर पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था. इस दौरान बदमाश अपनी जायलो कार एमपी 09 बीसी 1453 और चोरी किया गया डीपी ऑइल मौके पर छोड़कर भाग गए थे. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार से 11 कैन जब्त कीं, जिनमें से चार में ट्रांसफॉर्मर का तेल भरा था और सात खाली थी.

**शाजापुर से जुड़े वारदात के तार, फिर भी पुलिस खाली हाथ**

जिस कार को बदमाश छोड़ गए थे. उसकी जब जांच की गई, तो पता चला कि यह कार सांवेर निवासी एक व्यक्ति के नाम रजिस्टर्ड है, जिसने इसे शाजापुर में किसी को बेच दिया था. जिसे यह कार बेची गई थी, उस पर पहले से ही ऑइल और डीजल चोरी के कई मामले दर्ज हैं. इतना खुलासा होने के बाद उम्मीद थी कि बदमाश जल्द ही पुलिस गिरफ्त में होंगे, लेकिन आज तक यह मामला अनसुलझा है. सूत्रों के अनुसार शाजापुर के ही तेल चोर इस वारदात में शामिल हैं और पुलिस के हाथ कुछ सुराग भी लगे हैं, लेकिन अभी तक किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है और अब 15 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं

**इनका कहना है**

*पुलिस लगातार दबिश दे रही है, लेकिन आरोपियों के घरों पर ताला लगा है और वे मोबाइल का उपयोग नहीं कर रहे हैं. साइबर सेल की मदद से जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.*

*- जनक सिंह रावत, थाना प्रभारी-सलसलाई*

# पिपलिया गोपाल के केंद्राध्यक्ष को हटाया

## नवभारत खबर का असर : बोर्ड परीक्षाओं की नहीं थी तैयारी

**शाजापुर, 22 फरवरी. जिले के ग्राम पिपल्यागोपाल में शुक्रवार को कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षा के दौरान छत से पानी टपकने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संबंधित परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष को हटा दिया है. वहीं विद्यालय की प्रधानाध्यापक को भी नोटिस दिया गया है. बताया गया कि परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाएं सुचारू नहीं करने के कारण यह कार्रवाई की गई है.**

गौरतलब है कि नवभारत द्वारा इस संबंध में 21 फरवरी को बोर्ड परीक्षाओं की अधूरी तैयारी, टपकती छत के नीचे हल किया बोर्ड का पर्चा शीर्षक से प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था. इसके बाद विभाग द्वारा उक्त कार्यवाही की गई है. दरअसल, ग्राम पिपल्या गोपाल स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान 144 विद्यार्थी टाटपट्टी पर बैठकर हिंदी का पहला पेपर हल कर रहे थे. दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक चली परीक्षा के दौरान बारिश शुरू हो गई, जिससे कुछ ही देर में स्कूल के कक्ष में छत से पानी टपकने लगा, जिससे यहां पर रेलम-पेल मच गई. स्कूल स्टॉफ द्वारा छत से टपकते पानी को सहेजने के लिए बाल्टी भी लगाई, लेकिन इससे भी कोई फायदा नहीं हुआ और फर्श पर बिछी टाटपट्टी और फर्श पूरी तरह भिग गए. बताया गया कि बच्चों के कपड़ों पर भी पानी टपक रहा था. इस मामले को संज्ञान में आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शिप्रे द्वारा कार्रवाई करते हुए पिपल्या गोपाल विद्यालय के परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष राजेशकुमार मालवीय को हटा दिया है. वहीं मालवीय के स्थान पर संजय नागर को नया केंद्राध्यक्ष बनाया गया है. वहीं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शबाना परवीन को भी नोटिस जारी किया गया है.

# विधायक ने किया झरनेश्वर मंदिर पहुंच मार्ग का लोकार्पण

## टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन, सरपंच प्रतिनिधि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



**मक्सी, 22 फरवरी. समीपस्थ ग्राम सिरोलिया स्थित अति प्राचीन एवं प्रसिद्ध झरनेश्वर महादेव मंदिर के नवनिर्मित पहुंच मार्ग का शाजापुर विधायक अरुण भीमावद द्वारा लोकार्पण किया गया. साथ ही तेजाजी मंदिर प्रांगण में टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी संपन्न हुआ. कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनका लाभ सीधे आमजन को मिलेगा. इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र पाटीदार ने भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम विधायक अरुण भीमावद, जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद पटेल एवं मंडल महामंत्री सुनील नानू पंड्या की उपस्थिति में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में पूर्व सरपंच राजेश कुमार पाटीदार, भारत सिंह ओरिया, मक्सी नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोड़ सिंह लोधी, मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता, कैलाश मंडलोई, कृष्णा भावसार, पवन केरवाल, नरेंद्र भावसार, पवन परिहार, अमित सोनी, हर्षित भट्ट, अशोक पाटिल, भगवान सिंह पाटीदार, विजय कुमार पाटीदार, विष्णुप्रसाद, कैलाश चन्द्र, सीताराम सेठ, महेश ओरिया, दीपचंद, दिनेश पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# शुजालपुर में मेरिज गार्डन सील किया

## डायवर्सन के बकायादारों के विरुद्ध कार्यवाही जारी



**शाजापुर, 22 फरवरी. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में डायवर्सन की राशि की वसूली की कार्यवाही निरंतर जारी है. इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुजालपुर राजकुमार हलदर ने किशनदीप मेरिज गार्डन शुजालपुर सिटी के प्रबंधक/स्वामी द्वारा डायवर्सन की बकाया राशि जमा नहीं करने पर उनके मेरिज गार्डन को सील किया. इसके उपरांत यशवंत नगर छोरिया टाउनशिप के कार्यालय एवं ग्राम गैरखेडी में स्थित स्टार एग्री वेयर हाउस को भी सील किया गया.**

कालापीपल तहसील में भी कार्यवाही करते हुए ग्राम भान्याखेडी स्थित परमार कोल्ड स्टोरेज और कालापीपल मंडी में स्थित मेवाड़ा वेयर हाउस पर भी डायवर्सन की राशि बकाया होने के कारण सील करने की कार्यवाही की गई. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुजालपुर हलदर ने बताया कि डायवर्सन के समस्त बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी और राशि जमा नहीं करने वालों की संपत्ति को सील किया जाकर नियमानुसार कुर्की की कार्यवाही भी की जाएगी. इसी तरह नायब तहसीलदार शाजापुर जितेंद्र चौरसिया द्वारा शाजापुर तहसील के ग्राम लाहौरी में रिनीव एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड का ऑपरेशनल ऑफिस वसूली शेष होने से सील किया गया. साथ ही 59 विंड मिल भी बंद कराई गइं. इस दौरान तहसील शाजापुर में ग्राम बरवाल स्थित जय किसान कोल्ड स्टोरेज पर वसूली की राशि जमा नहीं करने पर कोल्ड स्टोरेज तथा एलपीजी गोडाउन को भी सील किया गया.

**एक नजर में** मामला : शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पिपल्यागोपाल का, एक अतिथि शिक्षक की सेवाएं समाप्त

# बच्चों से शौचालय साफ करवाने वाले शिक्षक को किया निलंबित

**शाजापुर, 22 फरवरी. शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पिपल्यागोपाल का एक वीडियो 17 फरवरी को वायरल हुआ था, जिसमें शिक्षक फजल एहमद खान वहां पढ़ने वाले बच्चों से परीक्षा के नाम पर शौचालय और बाथरुम साफ करवाते दिख रहे थे. इस संबंध में नवभारत द्वारा 18 फरवरी को परीक्षा के नाम पर बच्चों से साफ करवाया शौचालय और बाथरुम शीर्षक से प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था. इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक को निलंबित कर दिया है. साथ ही एक अतिथि शिक्षक की सेवाएं समाप्त करते हुए प्रधान अध्यापिका पर भी कार्यवाही के आदेश जारी किए हैं.**



गौरतलब है कि शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पिपल्यागोपाल के संबंध में शौचालय की सफाई बच्चों से करवाते हुए खबर गत 18 फरवरी को मीडिया द्वारा प्रकाशित की गई थी. जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शिप्रे ने बताया कि उक्त खबरों के संबंध में दल गठित कर जांच करवाई गई. जांच में दोषी पाए जाने पर शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पिपल्यागोपाल प्राथमिक शिक्षक फजल एहमद खान को जिला शिक्षा अधिकारी शिप्रे द्वारा मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया. निलंबन अवधि में प्राथमिक शिक्षक फजल एहमद खान का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड मो. बड़ोदिया रहेगा एवं उन्हें जीवन निर्वाहन भत्ते की पात्रता रहेगी. इसी तरह उक्त संस्था के अतिथि शिक्षक संदीप मालवीय का कार्य व्यवहार एवं आचरण आदर्श शिक्षक की भांति नहीं होने के फलस्वरुप उनकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई है.

**कार्यवाही के आदेश...**

जिला शिक्षा अधिकारी ने माध्यमिक शिक्षक सह प्रभारी प्रधान अध्यापक श्रीमती शबाना परवीन को विद्यालय में अपने स्टाफ पर नियंत्रण नहीं रखने के कारण भविष्य में सजग रहकर दायित्व का निर्वहन करने के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश जारी किया है.

### क्या था मामला...?

जो वीडियो वायरल हुआ था, उसमें स्कूल के शिक्षक फजल एक बच्चे से शौचालय साफ करवाते नजर आ रहे थे. सफाई के दौरान बच्चे की शर्ट तक उतरी हुई थी. केवल छात्र ही नहीं बल्कि स्कूल की छात्राओं ने भी गंभीर आरोप लगाए थे. कक्षा छठी के छात्र लकी ने बताया था कि शिक्षक फजल ने यह कहकर उनसे बाथरुम साफ करवाया कि परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और बाहर के गांव के बच्चे यहां आएंगे. इसलिए सफाई कर दो. अभिभावक देवीसिंह ने बताया था कि जब वे स्कूल पहुंचे, तो उन्होंने खुद बच्चों को बिना कपड़ों के शौचालय साफ करते देखा. जिससे ग्रामीणों में आक्रोश था. यह वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग के आला अधिकारी इस मामले की जांच कराने की बात कही थी.

### जिला स्तरीय प्रशिक्षण 23-24 फरवरी को

**शाजापुर, 22 फरवरी.** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के लिए मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण 23 एवं 24 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष शाजापुर में आयोजित किया जाएगा. अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण राजेश कुमार मोरिया एवं मिलिंद देशपाण्डे द्वारा प्रदान किया जाएगा. उन्होंने प्रशिक्षण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उपस्थित रहने एवं समस्त चार्ज जनगणना अधिकारी तहसीलदार, सीएमओ को अपने साथ एक जनगणना लिपिक को भी प्रशिक्षण के लिए अनिवार्य रूप से उपस्थित कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.